## खबर संक्षेप

### दो पक्ष आपस में भिड़े, महिला सहित अन्य लोग घायल

**उमरिया।** जिले के इंदवार थाने के ग्राम बम्हनगवा में देर रात परिवार के दो पक्षों में जमकर डंडे-लाठी से मारपीट की खबर है। इस घटना में स्थानीय महिला सुशीला जायसवाल पति रामरईस जायसवाल, उनके मासूम बच्चो के घायल हो गये। घटना के बाद पीड़ित परिवार जनों ने 100 डॉयल को जानकारी दी थी, जिसके बाद घायलों को तत्काल बरही अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां फिलहाल सभी इलाजरत है। बताया जाता है कि घटना के दौरान आरोपी इस तरह डंडे लाठी बरसा रहे थे, जैसे मूक जानवरों पर निर्दयी इंसान लाठी बरसाता है। घटना के बाद फिलहाल इंदवार पुलिस विवेचना में जुटी है।

### कार पेड़ से टकराई तीन घायल



**उमरिया।** कोतवाली थाना अंतर्गत शहपुरा मार्ग पर अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई गई, इस हादसे में कटनी निवासी रंजीत कौर पति हरजीत सिंह उम्र 62 वर्ष, अमृत सिंह पिता हरजीत सिंह उम्र 26 एवं भांजी पुनीत कौर पिता बलजीत सिंह उम्र 14 वर्ष के घायल होने की खबर है। रविवार की सुबह करीब 6:30 बजे इस सड़क हादसे को लेकर बताया जाता है कि घायल परिवार कटनी से रायपुर जा रहा था, इसी बीच सुबह 6:30 बजे शासकीय स्कूल तमन्नारा के सामने मोड़ पर अनियंत्रित कार क्रमांक यूके 04 एजे 6039 पेड़ से टकरा गई और हादसे का शिकार हो गई। घटना के बाद सभी घायलों को 108 की मद्द से जिला अस्पताल लाया गया है, जहां फिलहाल सभी घायल इलाजरत है।

### सर्व ब्राह्मण महिला समाज की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



**शहडोल।** सर्व ब्राह्मण महिला समाज के 2024 के नई कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमें अंजना उदानियां को अध्यक्ष, सुनीता मिश्रा को उपाध्यक्ष और रचना मिश्रा को सचिव चुना गया है, जिसमें ब्राह्मण समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार रविवार को कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने जिला जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती वैद्य ने जेल में बंद कैदियों को दी रही विधिक सेवाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कैदियों को बताया कि आपके घर परिवार में किसी भी प्रकार की समस्याएं हो तो विधिक सेवा प्राधिकरण में अपनी समस्या बता सकते हैं, इस हेतु विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने जेल में बंद कैदियों को मकर संक्रांति के पर्व पर लड्डू वितरित किए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जेल में बंद कैदियों के बीच खेल एवं कवि सम्मेलन जैसी प्रतियोगिताओं हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने महिला कैदियों से भी बात की एवं उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल में बंद महिला कैदियों के बच्चों को फल एवं कपड़े भी वितरित किए। निरीक्षण के दौरान डीएलओ अमित शर्मा ने कलेक्टर को बताया कि सत्र 2023 में 180 बंदियों को विधिक सेवा प्राधिकरण की सहायता दी गई है।

### बाइक ने कार को मारी ठोकर, महिला समेत बच्चे घायल

**शहडोल।** जिला मुख्यालय मे बीते दिन ही सीएम का आगमन हुआ था उनके जाते की 24 घंटे के अंदर ही शराब खोरी की दूसरी बड़ी घटना ने पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा कर दिया है ऐसे में जिले की कानून व्यवस्था पर लोगों को कैसे विश्वास हो सकता है।

# बसों से अवैध कॉमर्शियल गुड्स की ढुलाई

## जबलपुर-नागपुर से यात्री बसों से हो रहा अवैध कारोबार

परिवहन विभाग के नियमों की अनदेखी करके निजी बसों की छत पर कई फुट ऊंचाई तक कामर्शियल लगेज रखा जा रहा है जो अक्सर बिजली के तारों से टकराता है, इससे चिंगारी निकलती है। जो कभी भी हादसे का कारण बन सकती है। निजी बसों पर रखा हुआ यह लगेज कई बार बिजली के तारों को भी छूने के बाद भी बस संचालक इस पर ध्यान नहीं दे रहे। परिवहन विभाग और पुलिस के अधिकारी भी बस संचालकों पर कार्रवाई नहीं कर रहे।

शहडोल।

संभागीय मुख्यालय से जबलपुर-नागपुर रूट पर चल रही यात्री बसों में कमर्शियल गुड्स की अवैध ढुलाई खुलेआम चल रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग के पास कार्रवाई के करने फुर्सत नहीं है। इसलिए परिवहन विभाग को करोड़ों के राजस्व का चूना लगाकर निजी बस संचालकों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। यही नहीं, इस कारोबार से यात्रियों के सामान और जान पर जोखिम बना रहता है। पूर्व में यात्रियों का लगेज गायब होने की घटनाएं हुई भी हैं, लेकिन उनमें कोई कार्रवाई नहीं की जाती। संभागीय मुख्यालय के जिम्मेदार बसों में कमर्शियल गुड्स की ढुलाई से अधिकारी अनजान बने हुए हैं।




### नहीं होनी चाहिए ढुलाई

जबलपुर से शहडोल एवं नागपुर से शहडोल की ओर आने वाली बसों के जरिए पार्सल भेजने में फूलप्रूफ जांच नहीं की जाती। पार्सल के अंदर विस्फोटक, मादक पदार्थ कुछ भी रखकर भेजा जा सकता है। बसों में यात्री लगेज आड़ में बड़े पैमाने पर कॉमर्शियल गुड्स की ढुलाई की जा रही है। इससे हर महीने मोटा व्यवसाय किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो इसमें नेताओं और सरकारी विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों की दुरभिसंधि है। नियमानुसार इन बसों में निर्धारित यात्री लगेज के अलावा व्यावसायिक माल की ढुलाई नहीं होनी चाहिए।

### तीसरी आंख को रतौंधी

जबलपुर-शहडोल एवं नागपुर-शहडोल के बीच होने वाली कमर्शियल गतिविधियों का माल भी बड़े पैमाने पर शहडोल मंगाया जाता है। कुछ का कुछ माल पैकेट पर लिखकर मंगाने-भेजने से काफी सस्ता पड़ता है। माल का पार्सल खोलकर चेक नहीं किया जाता। छोटे पैकेट के 70 रुपए और कार्टून के 100-120 रुपए लगते हैं। पार्सल का बुकिंग काउंटर 24 घंटे खुला रहता है और किसी भी समय बुकिंग करवा सकते हैं, मजे की बात तो यह है कि कमर्शियल लगेज से लदी बस परिवहन कार्यालय के सामने से होकर प्रतिदिन गुजरती है, लेकिन जिम्मेदार आंख बंद करे हुए हैं, इसके अलावा शहर में घुसते ही तीसरी आंख की जद में भी आते हैं, लेकिन तीसरी आंख को रतौंधी होने के चक्कर में वह भी इसे देख नहीं पाती।

### यात्रियों का सामान सुरक्षित नहीं

जलबपुर से शहडोल एवं नागपुर से शहडोल का सफर करना है तो, दलालों द्वारा टिकट उपलब्ध कराई जाती है, जानकारों की माने तो ऐसे किसी ट्रेवल्स की बसों के संचालन की अनुमति संभाग में नहीं है, बावजूद इसके जबलपुर से यात्रियों को यादव ट्रेवल्स एवं नागपुर से ओरेंज सिटी ट्रेवल्स द्वारा टिकट काटकर दी जाती है, ट्रेवल्स की टिकट में स्पष्ट लिखा है कि यात्री अपने सामान की स्वयं रक्षा करें, इससे साफ जाहिर होता है कि जिले मे अवैध बसों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है, आये दिन शहर में नशीली दवाओं का जखीरा पकड़ा जाता है, लेकिन कभी इन बसों की पड़ताल नहीं होती कि आखिर इन बसों से आ क्या रहा है, जागरूक लोगों ने कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि यात्री बसों से कमर्शियल गुड्स की अवैध ढुलाई पर रोक लगाई जाये और इन बसों की जांच की जाये कि आखिर इन बसों से बड़े शहरों से क्या भेजा जा रहा है।

# कमिश्नर ने रिश्वतखोर डॉक्टर को किया निलंबित

शहडोल।


कमिश्नर गोपाल चन्द्र डाड ने डॉक्टर अपूर्व पाण्डेय मेडिकल आफिसर जिला अस्पताल शहडोल को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। डाक्टर पर रोगियों से रिश्वत लेने का आरोप था। ग्राम खन्नौधी निवासी महिला हाजरा बी ने इस आरोप के साथ कलेक्टर से शिकायत की थी कि उनके पति मो. इदरीस के हाइड्रोसिल के आपरेशन के लिए 10 हजार रूपए की मांग की थी। जब यह रकम उन्हे नहीं दी गई तो उन्होने उनका ऐसा लापरवाही पूर्ण आपरेशन कर



दिया कि उन्हे आराम नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा कलेक्टर से इस आशय की भी शिकायत की गई थी कि विधायक जयसिंहनगर के वाहन चालक आदिवासी बैगा युवक से सर्जरी करने के नाम पर 4 हजार रुपए ले लिए गए थे। जिसकी शिकायत तो हुई ही साथ ही मीडिया और समाचार पत्रों में इसका प्रकाशन हुआ। कलेक्टर ने इन आरोपों पर कार्रवाई के लिए कमिश्नर के समक्ष नोटशीट प्रस्तुत की थी। जिस पर कमिश्नर ने तत्काल कार्रवाई कर डॉ. अपूर्व पाण्डेय के निलम्बन के आदेश जारी कर दिए। निलम्बन अवधि में उनका कार्यस्थल जयसिंहनगर अस्पताल नियत किया गया है। इसी जिला अस्पताल के डाक्टर निजी अस्पतालों में सेवाएं दे रहे हैं और यहां से रोगियों को बरगलाकर निजी अस्पतालों में भर्ती करा रहे हैं। इसके बदले उन्हे मोटी रकम मिल रही है। जहां सरकार रोगियों को मुफ्त इलाज कराने का प्रबंध कर रही है वहां डाक्टरों ने इस तरह की लूट मचा रखी है और रोगियों की हड्डियां चूस रहे हैं। जिले भर में देखा जाए तो कितने ही निर्धन आदिवासी आज भी कर्जे के बोझ से उबर नहीं पा रहे हैं जो जिला अस्पताल इलाज कराने आए और फिर यहां दलालों के फेर मे पड़कर निजी अस्पताल चले गए। अस्पताल में ऑक्सीजन का सौदा, खून का सौदा जैसे घिनौने कृत्य हो रहे हैं। कलेक्टर, कमिश्नर कभी अस्पताल में दबिश नहीं डालते।

# ऐतिहासिक बाणगंगा मेला का राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

## सोहागपुर की कला मंडली ने भजन की दी प्रस्तुति







शहडोल।

मकर संक्रांति का पर्व शुरू हो गया है, 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में मुख्यालय में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक बाणगंगा मेले का राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने परंपरागत तरीके से फीता काटकर उद्घाटन किया। सबसे पहले वह बाणगंगा मंदिर में पहुंचे, जहां पर उन्होंने पूजा-अर्चना की और इसके बाद भजन मंडली के साथ सीताराम धुन गाते हुए मेले की ओर चले, फीता काटने के बाद धर्म ध्वज फहराया। मंच से सोहागपुर की कला मंडली ने भजन की प्रस्तुति दी। मेला के उद्घाटन समारोह में स्वागत भाषण देते हुए नपा अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने कहा कि यह मेला अति पुरातन है। पहले मेला छोटा था अब यह विशाल हो गया है। कमल प्रताप सिंह बीजेपी जिलाध्यक्ष ने कहा कि युग रामराज्य का आ गया है, तिल गुड़ के लड्डू इस पर्व की पहचान है। सभी अयोध्या जाएं और रामलला के दर्शन करें।

विधायक मनीषा सिंह ने कहा कि मेला हमे हमारे पुराने इतिहास को बताता है। अमिता चपरा ने कहा कि रंगारंग कार्यक्रम से मेले की सुंदरता बढ़ जाती है। 77 साल बाद 15 जनवरी को मकर संक्रांति पड़ रही है। सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि यह मेला हमारी सांझी विरासत है।

राजमंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि अंतर्मन से आप सभी को प्रणाम। उन्होंने कहा कि मेला हमे तीर्थ की याद दिलाता है। हम सभी प्रगति के पथ पर आगे बढ़ें, परंपराएं जीवित रहें। पारिवारिक भाव से मेले की व्यवस्था चले। किसी तरह की किसी को कोई दिक्कत न हो। 500 साल बाद आज वह दिन आ गया है, जब हम प्रभु श्रीराम का मंदिर तैयार होता देख रहे हैं। आज विकास की धारा तेज बह रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम का संचालन विवेक पांडे ने किया। कार्यक्रम में सांसद हिमाद्री सिंह, महिला वित्त विकास निगम की अध्यक्ष अमिता चपरा, विधायक मनीषा सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा डोली, जिला अध्यक्ष भाजपा कमल प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष कांग्रेस सुभाष गुप्ता सहित समस्त पार्षद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विवेक पांडे ने किया। कार्यक्रम ने सीएमओ अक्षत बुंदेला, डीएसपी सिटी राघवेन्द्र द्विवेदी, मेला प्रभारी शरद गौतम सहित नपा का अमला मौजूद रहा।

## अवैध मवेशियों का परिवहन करते 10 गिरफ्तार

# 2 ट्रक, 1 बोलेरो सहित 62 नग मवेशी जप्त








शहडोल।

अवैध मवेशियों के परिवहन करने वाले तस्करों के विरूद्ध सिटी पुलिस द्वारा उल्लेखनीय कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन पर उनकी स्पेशल टीम द्वारा देर रात अवैध मवेशियों के परिवहन करने वाले पूरे गिरोह को पकड़ते हुए 02 ट्रक, 01 बोलेरो वाहन एवं ट्रकों में लोड 42 मवेशियों को जप्त किया गया है। इसी प्रकार थाना जैतपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम न्यूटरी छ.ग. बॉर्डर पर भी आरोपियों द्वारा पुलिस के कार्यवाही के डर से छोड़ दिये गए 20 मवेशियों को भी पुलिस द्वारा जप्त किया गया है।

14 जनवरी को पुलिस अधीक्षक को सूचना प्राप्त हुई कि, 02 ट्रकों में मवेशियों को कूररतापूर्वक लोड कर कोतमा तरफ से गोहपारू होते हुए उ.प्र. ले जाया जा रहा है, जिसकी पायलेटिंग एक बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 66 टी 2369 कर रहा है। मामले पर त्वरित कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा देर रात पुलिस की स्पेशल टीम बनायी गई। स्पेशल टीम द्वारा गोहपारू बस स्टैण्ड तिराहा पहुंचकर पायलेटिंग कर रहे बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 66 टी 2369 एवं मवेशियों से भरे ट्रक क्रमशः यूपी 71 एटी 6880 व यूपी 70 एफटी 0973 को घेराबंदी कर रोकवाया गया। ट्रक चालकों से पूछताछ करने पर उन्होनें मवेशियों के परिवहन संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया एवं मवेशियों को छ.ग. से उ.प्र. की ओर ले जाना बताया। इसी प्रकार थाना जैतपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम न्यूटरी के पास में भी इसी पशु तस्कर गिरोह में शामिल एक अन्य वाहन में सवार आरोपी पुलिस की उक्त कार्यवाही की सूचना मिलने पर 20 नग मवेशी को छत्तीसगढ़ बॉर्डर में पुलिस के डर से छोड़कर भाग गए। पुलिस अधीक्षक की विशेष टीम द्वारा उक्त मवेशियों को भी जप्त किया गया है।

पुलिस द्वारा पंजीबद्ध किये गए 03 प्रकरणों में जप्त मशरूका बोलेरो क्रमांक एमपी 66 टी 2369 कीमती 8,00,000 रूपये, ट्रक क्र. यूपी 71 एटी 6880 एवं ट्रक में लोड 08 नग भैंस व 12 नग पड़ा कुल कीमत 19,00,000 रूपये, ट्रक क्र. यूपी 70 एफटी 0973 एवं ट्रक में लोड 11 नग भैंस व 11 नग पड़ा कुल कीमत 19,40,000 रूपये को जप्त किया गया, ग्राम न्यूटरी के पास जंगल से जप्त 20 नग मवेशी कुल कीमती 4,00,000 रूपये, कुल कीमती 50,40,000 रूपये।

पकड़े गये आरोपियों में कमलेश्वर सिंह पटेल निवासी अतरहार उचेहरा जिला सतना, रामकृष्ण पाल निवासी अतरहार, उचेहरा , जिला सीधी, फिरोज खान निवासी ताला मझौली, बृजनायक सिंह गोड़ निवासी कतरी, चुरहट, अवतार खान निवासी सलैहा, मझौली, रामचरित अहिरवार निवासी कुदरी, गोपिका रैदास निवासी कुदरी, संजय दाहिया निवासी इटमा, नागौद जिला सतना, विपिन कुमार पाण्डेय निवासी देवरी कला, राजकुमार बंजारा निवासी सकरा जिला अनूपपुर शामिल हैं। सभी के विरुद्ध थाना गोहपारू में धारा 11(1)(घ) पशुओं के प्रति कूररता का निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

# ट्रेलर ने बाइक को मारी ठोकर दो की मौत, महिला गंभीर

उमरिया।

जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र के कोलुहाबाह तिराहे के पास बाइक सवारों को अज्ञात ट्रेलर ने रौंद दिया, जिसमें एक बैगा आदिवासी युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, दूसरा बैगा आदिवासी युवक जिला अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया, वहीं महिला गम्भीर रूप से घायल है जिसका इलाज किया जा रहा है।

मृतक का रिश्तेदार ग्राम ददरौंडी निवासी रामदीन बैगा ने बताया कि सुरेश बैगा पिता बसंता बैगा उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम गढ़पुरी सुबह बाइक से अपनी भाभी पुष्पा बैगा पति राकेश बैगा उम्र 30 वर्ष एवं अपने साले सत्यराज बैगा पिता दादू राम बैगा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बिजौरी को बाइक से लेकर झाड़-फूंक करवाने ग्राम गुरवाही जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 एनडब्ल्यू 6157 ने जोरदार ठोकर मारकर फरार हो गया, जिसमें सुरेश बैगा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और सुरेश बैगा के साले सत्यराज बैगा की जिला अस्पताल पहुंचने के बाद मौत हो गई, वहीं सुरेश की भाभी पुष्पा बैगा गम्भीर होने के कारण जिला




अस्पताल में भर्ती है।

इस घटना के बारे में मानपुर थाना प्रभारी शरद खम्परिया ने बताया कि उक्त आरोपी ट्रेलर की तलाश की जा रही है, उसको मय चालक पकड़ कर सख्त कार्रवाई की जाएगी, साथ ही 108 एम्बुलेंस से घायलों एवं मृतकों को जिला अस्पताल ले जाने के कारण जिला अस्पताल पुलिस चौकी में मर्ग पंचनामा की कार्रवाई करने के बाद पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है, आगे की जांच की जा रही है।

# बीमार तेंदूए के शावक को किया गया रेस्क्यू

**उमरिया।** जिला वन मंडल के उमरिया रेंज अंतर्गत ग्राम अमडी के भर्री टोला सोसायटी के करीब सड़क मार्ग पर तेंदुए का एक बीमार शावक मिला है। बताया जाता है कि रेस्क्यू कर करीब 03 माह के तेंदुए के शावक को मुख्यालय स्थित कष्टगार लाया गया है, जहां फिलहाल डॉक्टर उसका उपचार कर रहे हैं। इस मामले में वन्य प्राणी चिकित्सक डॉ. नितिन गुप्ता ने बताया कि शावक को आवश्यक उपचार दिया जा रहा है। जल्द ही तेंदुए का शावक



स्वस्थ हो जाएगा। विदित हो कि अभी सप्ताह भर पहले तेंदुए के शावक के हमले में स्थानीय मवेशी पालक की बछिया घायल हो गई थी, जिसके बाद उसकी मृत्यु गई थी। इसके बाद ग्रामीणों को तेंदुए की गांव में आमद की खबर लगी थी, बाद में इसकी जानकारी वन अधिकारियों को भी दी गई थी। फिलहाल घटना के बाद डीएफओ मोहित सूद की अगुवाई में तेंदुए के शावक का रेस्क्यू कर डिपो लाया गया,

## खबर संक्षेप

### केवई नदी के तट पर आज होगा पतंग उत्सव मेले का आयोजन

**कोतमा।** 15 जनवरी मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में नगर की समाजसेवी संस्था जागृति मंच के तत्वाधान में जीवनदायिनी केवई नदी के तट पर भव्य पतंग उत्सव मेले का आयोजन सोमवार को आयोजित किया जाएगा। संस्था के द्वारा खिचड़ी भंडारे का भी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में दिलीप जायसवाल स्वतंत्र प्रभार मंत्री की उपस्थिति अनुकरणीय रहेगी। जागृति समिति के सदस्यों ने नगर के सभी नागरिकों महिलाओं बच्चों से आग्रह किया है कि पतंग उत्सव में पहुंचकर पतंग उड़ाने का लुफ्त उठाएं।

### बोरी बंधान कर जल को किया गया संरक्षित

**कोतमा** वर्षा ऋतु के समापन के बाद शीत ऋतु मे जल संरक्षण करना आवश्यक होता है तभी तो जल को संरक्षित कर गर्मी के दिनों मे इस जल का उपयोग कृषि के लिये व जानवरो के पीने के लिये व पक्षियों के उपयोग मे किया जा सके। इन्ही बातो को ध्यान देते हुए जीएस हितकारिणी समिति कोतमा नवांकुर संस्था ने सेक्टर 4 ग्राम पंचायत बैहटोला के झंगा झोली नाला मे प्रस्फुटन समिति बैहटोला और सीएमएलसीडीपी के छात्र के सहयोग से बोरी बंधान किया गया जिसमे जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद उमेश पाण्डेय, खंड समन्वयक कोतमा सारिमन साकेत, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि ओंकार सिंह, मेन्टर्स मो. नजीर खान प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष निर्मला सिंह सचिव प्रदीप कुमार सिंह राजकुमार सिंह राजकुमारी पाव केमली सिंह विजय कुमार प्रभा महरा सरोज पाव रोहित पनिका कौशिल्या बाई पूजा सिंह अवधेश पनिका उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद श्री पाण्डेय द्वारा मैन टोला स्थित अमृत सरोवर योजना से निर्मित तलाब के मेड मे नवांकुर संस्था और प्रस्फुटन समितियो के सहयोग से पौधा रोपण किया गया था जिसका भी निरीक्षण किया गया।

### विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों के हितग्राहियों से प्रधानमंत्री करेंगे संवाद

**उमरिया।** विशेष पिछडी जन जातीय समूहों के हितग्राहियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 जनवरी को प्रातः 11 बजे संवाद करेंगे। कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने बताया कि जिला मुख्यालय के सामुदायिक भवन में प्रधानमंत्री का लाईव प्रसारण देखा एवं सुना जा सकेगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत होगी। सहायक नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग होंगे। इसके साथ ही कन्या पूजन, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कार्यक्रम स्थल पर बैठक एवं पीव्हीटीजी हितग्राहियों की व्यवस्था, कार्यक्रम में स्टाल लगाने का दायित्व अन्य अधिकारियों को सौंपा गया है। उन्होने कहा है कि समस्त अधिकारी-कर्मचारी सौंपे गये दायित्वो का समय पर निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे।

### परीक्षा संचालन व्यवस्था के निरीक्षण दलों का हुआ गठन

**उमरिया।** हाईस्कूल, हायर-सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 का आयोजन 05 फरवरी एवं 06 फरवरी से प्रारंभ होकर 05 मार्च तक समय प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक जिले के परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न होना निर्धारित है। कलेक्टर ने परीक्षा की पवित्रता, गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता बनाये रखने के लिये मण्डल द्वारा निर्धारित 53 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा संचालन व्यवस्था के औचक निरीक्षण किये जाने हेतु निरीक्षण दलों 'उड़नदस्ता' का गठन किया है। दल प्रमुख परीक्षा तिथियों में परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण करने हेतु पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगें। निरीक्षण प्रतिवेदन प्रति दिवस शाम 04 बजे केन्द्राध्यक्षको के हस्ताक्षर सहित जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय को उपलब्ध करवायेंगे। समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित परीक्षा केन्द्रो का औचक निरीक्षण करेंगे। सम्पूर्ण परीक्षा के दौरान समस्त व्यवस्थाओं के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी होंगे, इनके द्वारा भी परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जावेगा।

# मकर संक्रांति पर युवाओं ने बांटी पतंग और मिठाइयां, खुशी से झूम उठे बच्चे

मकर संक्रांति के पावन पर्व जिला कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम के द्वारा पहल खुशी के तहत जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में नन्हे व बच्चों को पतंग, धागा, मिठाइयां एवं बिस्किट, नमकीन का पैकेट उपहार स्वरूप भेंट कर महोत्सव मनाया गया।



उमरिया।

हिमांशु तिवारी ने बताया कि 'छोटा सा प्रयास हमारा' खुशियों से खिल उठे जहान सारा, इस उद्देश्य के साथ मकर संक्रांति के पर्व पर ग्रामीण क्षेत्रों से लगी हुई बस्तियों में जरूरतमंद परिवारों के बीच यह सामग्री वितरित की गई। नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ पतंग उड़ा कर उन्हें खुशियां देने का प्रयास किया गया। उपस्थित बच्चों को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई भी दी गई। उन्होंने बताया कि नगर के लोगों के सहयोग से बच्चों को 100 पतंगों का वितरण किया। पतंग मिलने से बच्चों का उत्साह दोगुना हो गया। इस दौरान गुड़, तिल्ली का वितरण भी किया गया। पतंग, मिठाइयां व लड्डू पाते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। बच्चों के बीच चूड़ा और मुढ़ी के बनें लाई सहित तिल के बने सामग्री भी वितरित किए गए। इस पर्व को स्नान दान का पर्व भी माना जाता है। साथ ही तिल, गुड़, खिचड़ी और फल का राशि के अनुसार दान करने पर पुण्य की भी प्राप्ति होती है। अंत में बच्चों के बीच पतंग वितरित किए गए। इस दिन पतंग उड़ाने का भी अपना अलग ही महत्व है। इनके बीच पतंगबाजी प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान अमित शिवहरे, भारतीय सिंधू सभा अध्यक्ष नितिन वासवानी, महामंत्री जिम्मी सितपाल, गोरे विश्वकर्मा अजय बर्मन, कविता बर्मन, हिमांशू तिवारी, खुशी सेन, शिखा बर्मन, रिया सिंह, सौरभ पांडेय, वैष्णवी बर्मन, अक्षत त्रिपाठी एवं सभी उपस्थित रहे।

## सशस्त्र बल वयोवृध्द दिवस समारोह का हुआ आयोजन

उमरिया।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी संतोष चतुर्वेदी ने बताया कि सिंधी धर्मशाला में भूतपूर्व सैनिक वीर नारी एवं वीर माताओं का सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सैनिक परिवार जनों का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने कहा कि सैनिक के बल पर सभी के परिवार सुरक्षित है। सैनिक बार्डर पर दिन रात खडे रहकर देश की हिफाजत करने में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देते है। भारत माता की आन शान को कायम रखने में सैनिक अपनी अहम भूमिका को अदा करता है।

उन्होने कहा कि एक सैनिक का जीवन त्याग और तपस्या का जीवन है। यह उनका अपने देश के लिए प्रेम ही तो है कि वे घर वालो को पीछे छोड़ कर देश की सेवा के लिए चले जाते है। सैनिक देश के असली नायक होते है। सैनिक मातृभूमि के लिए लड़ते है और हंसते-हंसते मातृभूमि के लिए प्राण तक न्यौछावर कर देते है। सैनिक वह है जो पूरे देश को अपना परिवार समझता है और सीमा पर डटकर सबकी रक्षा करता है। वे दिन-रात मेहनत करके दुश्मनों से हमारी रक्षा करते है और सच्चे देश भक्त कहलाते है। सैनिक के जीवन का उद्देश्य ही देश हित से अधिक और कुछ नहीं होता है। उनका अनुशासन उन्हें अपने घर परिवार से दूर रखता है। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, दिलीप पाण्डेय, शंभूलाल खट्टर, विनोद आहूजा एवं जिले के सभी भूतपूर्व सैनिक उपस्थित रहे।



## ग्राम धूपखड़ा में सिखाये गये जैविक खेती के गुण

उमरिया।

विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदान करने वाले मानपुर विकासखण्ड के ग्राम धूपखड़ा में शासन की विभिन्न योजनाओं को सेचुरेशन स्थिति तक लाने हेतु कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य की पहल पर विभिन्न विभागों व्दारा प्रयास प्रारंभ कर दिए गए है। इसी कड़ी में भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, उमरिया द्वारा आजीविका मिशन के माध्यम से विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत भौतरा के पोषक ग्राम धूपखड़ा में दुग्ध उत्पाद एवं जैविक खेती का 10 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में 35 महिलाओं एवं पुरूषों ने भाग लिया एवं प्रशिक्षण पूरा किया, इसके पश्चात उनका असेसमेंट परीक्षा ओ.पी चतुर्वेदी, असेसमेंट कन्ट्रोलर के माध्यम से के.एस. सुहाने शहडोल एवं रामसुख दुबे कटनी द्वारा सम्पन्न कराया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन निर्देशक आरसेटी डॉ. तरूण कुमार सिंह, संकाय सदस्य राज बहादुर जायसवाल एवं आशीष पटेल तथा आजीविका मिशन से डीपीएम चंद्रभान सिंह एवं श्रीमति कामना त्रिपाठी एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति में किया गया। तत्पश्चात ग्राम धूपखड़ा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल कलेक्टर के द्वारा आरसेटी द्वारा दिये गये प्रशिक्षण की सराहना करते हुये विभिन्न योजनाओं से ग्रामवासियों को लाभान्वित करने हेतु आश्वासन दिया गया। आरसेटी निर्देशक द्वारा दुग्ध उत्पाद एवं जैविक खाद निर्माण से संबंधित जानकारी ली गयी, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि अब हम दुग्ध उत्पाद एवं जैविक खाद निर्माण प्रशिक्षण से जैविक खेती करना, जैविक खाद बनाना एवं उसका प्रयोग, फसलों को कीटों से बचाने के लिये स्वयं जैविक कीटनाशक बनाकर उपयोग करने साथ ही साथ दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिये पशुपालन करने का मार्गदर्शन प्रदान किया गया, साथ ही सभी प्रशिक्षुओं ने आरसेटी पर मिलने वाली व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की भी सराहना की। अंत में कलेक्टर द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाओं के साथ बधाई शुभकामनाएं प्रदान कर प्रमाण-पत्र वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।




## बनगवां में विकसित भारत कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री दिलीप जायसवाल

### मंत्री बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर मंत्री को मिष्ठान से तौला गया

#### पत्रकारों ने महामाला पहनाकर राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल का किया स्वागत

राजनगर।

पहली बार सरकार द्वार तक पहुंचकर लोगों को उनकी पात्रतानुसार शासकीय योजनाओं का हितलाभ प्रदान करने का व्यापक अभियान चला रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी वाली रथ के माध्यम से वंचित और छूटे हुए लोगों को उनके हितलाभ दिए जाने का कार्य हो रहा है। उक्ताशय के विचार मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने नगर परिषद बनगवॉ (राजनगर) में आयोजित विकसित भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर, भाजपा जिला अध्यक्ष रामदास पुरी, नगर परिषद बनगवॉ (राजनगर) के अध्यक्ष यशवंत सिंह, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, अध्यक्ष डूमरकछार डॉ. सुनील कुमार चौरसिया, उपाध्यक्ष सुश्री कंचना मेहता, नरेंद्र मरावी, सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद्र यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हनुमान गर्ग, पिछला मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेश कलसा, मंडल महामंत्री शिव मूरत केवट, कमलेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन सिंह गहरवार, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश चंद्र द्विवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश गौतम, समाजसेवक व भाजपा नेता भीम जायसवाल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीता माली, मंडल महामंत्री पूजा केवट, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सोनू कनौजिया, महामंत्री सचिन द्विवेदी व पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। नगर परिषद बनगवां ( राजनगर) द्वारा वार्ड क्रमांक चार दुर्गा मंदिर बाजार दफाई से कलश यात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गाजे बाजे के साथ नगर परिषद प्रांगण में पहुंची। कलश यात्रा में नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह,




उपाध्यक्ष धनंजय सिंह मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, पार्षद गण, समाजसेवी भीम जायसवाल, सोनू कनौजिया, सचिन द्विवेदी शामिल हुए।

#### मंत्री बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल के प्रथम नगर आगमन व नगर परिषद बनगवां के विकास यात्रा के अवसर पर नगर वासियों ने भव्य स्वागत किया। सर्वप्रथम सभा स्थल में कार्यक्रम की शुरूआत कन्या पूजन व मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि लोगों के भावनाओं के अनुरूप क्षेत्र के विकास और उन्नयन के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने वार्ड पार्षद घर-घर सम्पर्क कर हर पात्र व्यक्ति को शासकीय योजनाओं का लाभ आवेदन भरवाकर उन्हें दिलाने का प्रयास करें। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण कर पात्रतानुसार लाभ दिलाने के निर्देश देते हुए कहा कि आवेदनकर्ता यदि अपात्र है, तो उसे लिखित में अवगत कराया जाए। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सर्वहारा वर्ग के कल्याण के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने क्षेत्रीय विकास से संबंधित कार्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बड़े शहरों के तर्ज पर यहां के विद्यार्थियों के लिए भी विकसित शिक्षा सुविधाओं के साथ ही कोचिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो। जिससे क्षेत्र के बच्चे लाभान्वित होकर विकास के नए पायदान तय कर सकें।

#### मिष्ठान्न से तौले गये मंत्री

नगर परिषद प्रांगण में बनगवां ( राजनगर) कार्यक्रम में खाद्य विभाग, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, आयुष विभाग, स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी आम जनों को उपलब्ध कराई तथा हितलाभ संबंधी आवेदन नागरिकों से प्राप्त किए। कार्यक्रम के अंत में मंत्री दिलीप जायसवाल को तराजू में नगर पालिका अध्यक्ष ने मिष्ठान से तौला। इसी क्रम में नगर के पत्रकारो द्वारा महामाला पहना कर मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल जी का स्वागत किया।

#### लाभार्थियों ने जानकारी की साझा

केन्द्र सरकार की प्रवर्तित योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत प्राप्त लाभ तथा विकास से संबंधित जानकारी साझा की गई। इस कार्यक्रम नगर के पत्रकार समर बहादुर सिंह, मनोज सिंह, विजय जायसवाल,पंकज शर्मा, मनीष सिंह, मुनेंद्र यादव उपस्थित रहे। नगर परिषद के विकसित भारत यात्रा को सफल बनाने में नगर परिषद बनगवां (राजनगर) की ओर से मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, लेखापाल राजेश कुमार मिश्रा तथा नगर परिषद के समस्त कर्मचारियो का रहा।



## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का हक दिलवाना एटक का प्रमुख काम- विभा पांडेय

### आयुक्त महिला एवं बाल विकास से मिलने के बाद विभा ने कही बात

जमुना/बदरा।

महिला एवं बाल विकास विभाग मध्य प्रदेश के आयुक्त राम राव भोसले आई ए एस के साथ 12 जनवरी को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन एटक मध्य प्रदेश के प्रांतीय महासचिव कामरेड विभा पाण्डेय ने कई बिंदुओं पर सार्थक बातचीत की। निदान की तारीखें निर्धारित की गई है जिसमे दो महीने से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के 36 जिलों में रुके हुये मानदेय 20 जनवरी तक हर जिलों में पहुँच जायेंगे। ड्रेस खरीदने के दो वर्ष के पैसे 31 जनवरी तक हर जिले में पहुँच जाएंगे। डाटा एवं मंगल दिवस के पैसे के लिए श्री भोसले ने कहा कि यह पैसा भारत सरकार से आता है महिला एवं बाल विकास विभाग से प्रस्ताव भेजा जा चुका है फरवरी तक सभी को मिल जाएंगे। आंगनबाड़ी सहायिका के पदोन्नत के लिए शासन द्वारा 45 वर्ष से कम उम्र निर्धारित किया है उस पर पुनर्विचार कर सुधार करने का उन्होंने आश्वासन दिया सैद्धांतिक तौर से वे भी इसे गलत मानते हैं मेडिकल किट का पैसा सभी जिला कलक्टरों को भेजा जा चुका है। बैगा, सहरिया, भरिया बाहुल्य आदिवासियों के गांवों में 194 आंगनवाड़ी के नये केन्द्र खोले जाएंगे जो जनवरी माह में प्रारंभ हो जाएंगे इसके अलावे पाँच सौ आंगनवाड़ी केंद्र विभिन्न जिलों में खोले जाएंगे। मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को पूर्ण आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का दर्जा दिए जाने के सवाल पर श्री भोसले ने कहा कि यह प्रस्ताव भारत सरकार ने मंजूर किया है। मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट के पास यह प्रस्ताव अनुमोदन के लिए पहुँच चुका है कैबिनेट के अनुमोदन के बाद कार्यान्वयन प्रारंभ कर दिया जाएगा। मानदेय दो माह के रुकने के सवाल पर कॉमरेड विभा पांडे ने आंगनबाड़ी बहनों के आर्थिक दुर्दशा को बहुत ही मार्मिक तरीके से आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया। इस प्रकार से सारगर्भित वातावरण में राम राव भोसले से बातचीत हुई कामरेड विभा पांडेय ने कहा हमें उम्मीद है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन एटक मध्य प्रदेश के पहल से मध्य प्रदेश के सभी बहनों को लाभ मिलेगा।

## खबर संक्षेप



### गरिमा नानक वानी का अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग में चयन हुआ

**धनपुरी।** नगर की प्रतिष्ठित व्यापारी महेश उर्फ कालू नानकवानी की पुत्री कुमारी गरिमा नानकवानी का अनुविभागीय अधिकारी एसडीओ जल संसाधन विभाग में चयन हुआ है। और उनकी सफलता पर लोगों ने बधाई दी है कुमारी गरिमा नानक वानी के अनुविभागीय अधिकारी एसडीओ जन संसाधन विभाग में चयन होने पर भजनलाल नानक वानी, इंद्रपाल नानक वानी, केवल राम नानक वानी, धीमन दास नानक वानी, सुनील नानक वानी अवि नानक वानी गौरव नानक वानी,पत्रकार राजू अग्रवाल, लक्ष्मन सोनी, सुभाष गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल, देवी अग्रवाल, केदार अग्रवाल, सुजीत जैन, आदि लोगों ने बधाई दी है।

### घुनघुटी में रेत माफियाओं का दबदबा



**घुनघुटी ।** घुनघुटी में पूरी रात रेत माफियाओं द्वारा रेत ढुलाई की जाती है पुलिस चौकी से 500 मीटर की दूरी से रात भर मिनी डगी से चोरी की रेत ढुलाई होती है न तो वन विभाग वालों ने जैसे खुली छूट दे रखी है वहीं पुलिस चौकी से 500 मीटर की दूरी से पूरी रात रेत ढुलाई होती है। इन पर पुलिस विभाग भी ध्यान नहीं दे ती रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि इन्हें किसी का डर नही है अब इन्हें माइनिंग विभाग के द्वारा रेत माफियाओं पर रो लगा सकते है आय दिन रेत माफियाओं द्वारा कुछ दिन पहले निर्दोष पटवारी की हत्या की थी ऐसे रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

### रोजगार मेले में 138 युवाओं का हुआ चयन

**रीवा।** आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश कार्यक्रम के तहत कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय द्वारा गतदिवस एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 5 कंपनियों प्रगतिशील बायोटेक रीवा, भारतीय जीवन बीमा निगम, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा, वर्क टूगेदर रीवा एवं आईसेक्ट (एलएण्डटी इंदौर) रीवा द्वारा युवाओं का चयन किया गया। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 206 आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया गया, जिसमें से 138 आवेदको को विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयनित कर आफर लेटर/एलओआई प्रदान किया गया।

### फसलों को बचाने कृषि दी किसानों को सलाह

**रीवा।** जिले में पिछले पांच दिनों से शीत लहर का प्रकोप है। तापमान में गिरावट तथा आसमान पर कोहरा छाने से मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। रात का तापमान सामान्य से कम दर्ज किया जा रहा है। तापमान में गिरावट से फसलों में शीतलहर के प्रकोप की भी आशंका है। इसे ध्यान में रखते हुए उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसानों को फसलों को पाले के प्रकोप से बचाने के लिए सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि तापमान में गिरावट का सर्वाधिक असर दलहनी, तिलहनी तथा सब्जी की फसलों में होता है। इन्हें पाले के प्रकोप से बचाने के लिये किसान भाई खेतों में हल्की सिंचाई करें। साथ ही रात्रि में 12 से 2 बजे के बीच मेड़ों पर कचरे को जलाकर धुआं करें। पाले से बचाव के लिये फसलों पर सल्फर का 0.1 प्रतिशत घोल बनाकर छिड़काव करें। इससे फसलों पर पाला का प्रभाव कम हो जाता है। उप संचालक कृषि ने पौधशाला के पौधों एवं क्षेत्र वाले उद्यानों व नगदी सब्जी वाली फसलों को टाट अथवा पालीथिन अथवा भूसे से ढ़कने का सुझाव भी दिया है।

## सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से बचें

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजनों को किया जागरूक







**शासकीय नेहरु महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई**

शासकीय नेहरू डिग्री महाविद्यालय बुढार में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस कार्यक्रम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बुढार धनपुरी द्वारा भव्य रैली निकालकर रंगोली प्रतियोगिता , चित्रकला , प्रदर्शनी सजाओ प्रतियोगिता , नुक्कड़ नाटक , गायन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ भव्य रैली निकालकर मनाई गई । सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभाविप के महाकौशल प्रांत संगठन मंत्री विपिन गुप्ता,मुख्य वक्ता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक शिवेंद्र द्विवेदी , शहडोल विभाग संगठन मंत्री शहडोल सुरजीत सिंह बघेल और जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नीलेश जैन एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. गंगा मिश्रा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।

**बुढार।**

युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की झांकी के साथ छात्रों द्वारा" नंद के आनंद की जय विवेकानंद की" नारे लगाकर रैली निकाली गई। तत्पश्चात भारत माता एवं विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया । एनसीसी के स्वयंसेवकों विनय कांत पयासी ,आशुतोष सोनी , द्वारा युवाओं को नशामुक्ति ,सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से बचने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रेरित किया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम राम को जीवंत करती हुई राम और सीता की रंगोली आकर्षण का केंद्र रही। स्वेता विश्वकर्मा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमूर्ति के रूप में चित्र बनाकर प्रदर्शनी में लगाई गई । भगवा रंग गीत पर नृत्य की प्रस्तुति nss के स्वयंसेवक शालिनी शुक्ला, हेमा प्रजापति, गरिमा विश्वकर्मा, श्रवण मोंगरे, सुनीता पनिका, द्वारा की गई। मुख्य अतिथि विपिन गुप्ता ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में युवाओं को योगदान देकर भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेना चाहिए । मुख्य वक्ता शिवेंद्र द्विवेदी जी ने छात्रों को अनुशासन , विनम्रता का पाठ सिखाते हुए अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व से समाज में योग्य नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। जन भागीदारी अध्यक्ष नीलेश जैन ने कहा कि युवाओं को समाज निर्माण से राष्ट्र निर्माण की भूमिका निभाते हुए देश की तस्वीर और तकदीर बनानी है।

अंत में परिसर में लगी प्रदर्शनी का उदघाटन किया गया जिसमें संध्या विश्वकर्मा द्वारा चित्रकला से स्वामी विवेकानंद जी प्रतिमूर्ति रूप बनाए गए चित्र की बहुत प्रसंशा हुई । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया ।

कार्यक्रम का सफल संचालन वनस्पति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. राधेश्याम नापित,द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.अनिल कुमार उपाध्याय द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से कार्यक्रम प्रभारी डॉ दिनेश वर्मा, डॉ मनोज कुजूर, डॉ अनूप सेन, डॉ एस एम प्रजापति, डॉ ममता द्विवेदी, डॉ दीपा सिंह, निपेंद्र सिंह , माधुरी शर्मा, कमलेश प्रजापति , जयशंकर, रेखा शर्मा , समस्त प्राध्यापक एबीवीपी के नगर अध्यक्ष बीएन उपाध्याय,नगर मंत्री अखिलेश सिंह,प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ओम मिश्रा , नगर सह मंत्री अतुल सेन,प्रांत कार्यकारणी सदस्य ओम मिश्रा, सचिन कचर,नवनीत शर्मा,रविराज साहू ,ओम सेन, एनसीसी के छात्र काजल सोनी, एन एस एस के छात्र नवदीप पनिका , साक्षी पांडे,एनसीसी एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के समस्त कार्यकर्ता एवं महाविद्यालय के हजारों की संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहें ।



## छांटा में गोप बनाकर कोयल का अवैध उत्खनन करते दो के खिलाफ पुलिस ने किया मामला दर्ज

**बुढ़ार।**

इन दिनों कोयलांचल क्षेत्र में अवैध रूप से कोयला की तस्करी बड़े पैमाने पर की जा रही है बड़े बड़े कोयला तस्करों के द्वारा मजदूर वर्ग के लोगों को पैसे का प्रलोभन देकर उनसे कोयला चोरी करवा रहे हैं,रविवार को थाना अंतर्गत छांटा ग्राम में गोप बनाकर कोयल का अवैध उत्खनन करते हुए पुलिस ने दो कोयला चोरों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध किया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि रविवार 14 जनवरी को सुचना मिली की छांटा में जमीन फाड़ कर अपनी जान को जोखिम में डालकर एवं सुरंग बनाकर अवैध कोयले का उत्खनन किया जा रहा है, मौके पर कोयला उत्खनन करते हुए कमलेश चौधरी एवं कैलाश चौधरी निवासी ग्राम छांटा के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर दोनों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने लगभग 5 टन कोयला भी जप्त किया है।

## ग्राम तगवार के सचिव एवं रोजगार सहायक की दबंगई का शिकार हो रहे ग्रामीण, गांव का विकास अधर में

**शहडोल।**



जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत तगवार के रोजगार सहायक सचिव एवं सरपंचों की दबंगई को देखकर ग्रामीण हो रहे परेशान ग्रामीण के किसी भी समस्या का निराकरण एवं कोई सुनवाई नहीं की जाती हैं विगत कई महीने से अर्जी दे दे कर गांव के पंचगनी एवं उप सरपंच सहित गांव की भारी समुदाय के लोग जनपद सीईओ और जयसिंहनगर के अनुविभागीय अधिकारी एडीएम एवं कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा था लेकिन जांच में एक दिन जिला परियोजना अधिकारी के द्वारा जांच किया गया जबकि पूरे पंचायत में काम सिर्फ नाम मात्र के दिखे तब भी सचिव रोजगार सहायक के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं की गई और दबंगई से लोगों को धमकाते बोल रहे हैं कि अगर कोई कुछ भी किया तो उसे पर हम फिर करके कार्रवाई भी करवाएंगे हमारा कोई कुछ नहीं कर सकता सब अधिकारियों को हम उनका हिस्सा दे देते जिसको जो करना है कर लें 14 जनवरी 2024 को गांव की राधा बाई के पति शिवचरण सिंह को रोजगार सहायक एवं सरपंच के पति और बच्चों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई जिसकी शिकायत भी की गई है। ग्राम वासियों ने प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा है कि ऐसे भ्रष्टाचारी रोजगार सहायक को ग्राम पंचायत तगावर से निष्कासित किया जाए और हमारे ग्राम की जनता को न्याय दिलाने का सोशल मीडिया के माध्यम से यह प्रार्थना कर रहा हूं, और ग्राम तगवार में किये गये सभी कामों को पुनः जांच करके और इन पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए।

## जिला आबकारी अधिकारी को एक गुनाह की मिली सजा

# करोड़ों रूपये की बेच ली थी शराब

**रीवा**

जिला आबकारी अधिकारी भले ही मप्र लोक सेवा द्वारा आयोजित पीएससी की प्रतियोगी परीक्षा पास कर आबकारी विभाग में घुसपैठ कर ली हो लेकिन जमीनी स्तर पर देखा जाये तो वह अपने दायित्वों के प्रति अनुत्तीर्ण ही नजर आये। उनकी नजरों ने कत्र्तव्य से ज्यादा गांधी छाप कागज को ही महत्व दिया, यही वजह वे जहां भी रहते हैं सुर्खियों में ही रहते है। रीवा में तो उनके एक से बढक़र एक कारनामें उजागर हो रहे है। शराब कारोबारियों से फर्जी बैंक गारंटी, व्हीआईपी फंड के नाम पर कलेक्टर, एसपी एवं माननीयों के नाम पर हर माह पैसा वसूले जाने से लेकर घर में झाडू पोंछा यहां तक की जूठन साफ करवाने के लिए बेयर हाउस के कर्मचारी को रखने की बात सामने आ चुकी है। विभागीय सूत्र तो यहां तक बताते है कि इनकी काली कमाई की बिसात सागर और चंबल संभाग तक बिछी हुई है, जैसा की इनके पड़ोस स्थित आबकारी विभाग के संभागीय उडऩदस्ता कार्यालय में बैठे उपायुक्त एक नाजीर हैं। देर से ही सही हाल ही में सूत्रों के माध्यम से एक बड़ा खुलासा हुआ है, बताया गया कि जिला आबकारी अधिकारी रीवा द्वारा सिंगरौली जिले में पदस्थापना के दौरान किये गये गुनाहों की सजा मिल गई है। कटनी सहित रीवा जिले में किये गये गुनाहो की सजा कब मिलेगी यह तो आने वाला समय की तय करेगा। लेकिन यह माना जा रहा है कि देर सबेर गुनाहों की सजा अवश्य मिलेगी।

### पदोन्नत की सूची से कर दिया गया बाहर

27 सितबंर 23 को मप्र शासन वाणिज्यिक कर विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन से पत्र क्रमांक 1/1/41/0010/2023 एसईसी-2-05(सीटी) में पदोन्नत सूची जारी की गई। जिसमें लगभग 12 आबकारी अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है। मजे की बात यह है कि इस पदोन्नत सूची में जिला




आबकारी अधिकारी रीवा से जूनियर अधिकारी श्रीमती कीर्ति दुबे का भी नाम शामिल है उनको तक जिला आबकारी अधिकारी से पदोन्नत कर सहायक आबकारी आयुक्त बना दिया गया। लेकिन 2012 बैच के जिला आबकारी अधिकारी रीवा को पदोन्नत सूची से बाहर ही रखा गया है। बताया जाता है कि जिला आबकारी अधिकारी रीवा जब सिंगरौली जिले में जिला आबकारी अधिकारी रहे तो निजी स्वार्थ के लिए शराब ठेकेदार हरचरण सिंह भाठिया और अखंड दुबे की लगभग दो करोड़ रूपये की शराब मालवा कंपनी के शराब ठेकेदार को बेच दी थी। दुस्साहस इस कदर दिखाया कि दोनो ही ठेकेदारों से इजाजत तक नहीं ली, जो उनकी गले का फांस जा बना। शराब ठेकेदार हरचरण सिंह भाठिया ने इस बात की शिकायत प्रमुख सचिव तक की, यहां तक की न्याय न मिलने पर न्यायालय तक जाने की बात की थी। विभागीय सूत्र बताते है कि उक्त आरोप पर चल रही जांच के चलते जिला आबकारी अधिकारी रीवा को पदोन्नत की सूची से बाहर कर दिया गया है।

### शराब कारोबारी के घर पड़ा ईडी का छापा, जिला आबकारी अधिकारी की बढ़ी धडक़नें

शनिवार के दिन बजरंग नगर निवासी कटनी जिले के शराब कारोबारी पुष्पेंद्र सिंह पिंकू के घर ईडी ने दबिस दे दी। इस बात की भनक लगते ही जिला आबकारी अधिकारी रीवा के माथे पर पसीना छलकने लगा और धडक़ने उस वक्त बढ़ गई जब उनको जानकारी मिली कि 2016 में शराब कारोबारी पुष्पेंद्र सिंह पिंकू और स्लीमनाबाद निवासी बल्लन तिवारी ने 13 फर्जी बैंक गारंटी लगा कर शासन को करोड़ो रूपये की चपत बैठाई। जिसकी शिकायत लोकायुक्त सहित अन्य जगहों में की गई थी। जिस पर तत्कालीन कलेक्टर कटनी प्रकाश जांगरे और जिला आबकारी अधिकारी आरसी त्रिवेदी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज हुई थी। तत्काल जिला आबकारी अधिकारी रीवा को अपने निजी स्वार्थ उठाते हुए रीवा के कुछ ठेकेदारों को लाभ दिलाये जाने फर्जी बैंक गारंटी जमा करवाये जाने की याद सता गई। दिल को यह तसल्ली देकर मन का शांत कर दिया कि सब मैनेज हो चुका है। लेकिन उनको यह नहीं मालूम की गड़ा मुर्दा जब उखड़ता है तो उसकी गंध बहुत तेज होती है। जिस तरह से सात साल बाद कटनी में गड़ा मुर्दा उखाड़ा गया तो उसकी गंध प्रदेश तक फैली उसी प्रकार रीवा में भी गड़ा हुआ मुर्दा आज नहीं तो कल उखड़ कर सामने आ सकता है।



## मऊगंज में युवा दिवस एवं यातायात कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मऊगंज ।**

नगर के सीएम राइज विद्यालय एवं रेडक्रॉस सोसाइटी जिला मऊगंज के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे युवा दिवस सप्ताह एवं यातायात के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मऊगंज जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुन्नालाल चौरसिया रहे तथा अध्यक्षता रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एडवोकेट प्रदीप सिंह रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केशव प्रसाद मिश्रा एवं प्राचार्य भोलानाथ उपाध्याय रहे। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस अवसर पर 11 जनवरी से 17 जनवरी तक युवा दिवस सप्ताह मनाने का निर्देश है। इसी संबंध में आज सीएम राइज विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएम राइज विद्यालय में यातायात नियमों के पालन एवं स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मऊगंज जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुन्नालाल चौरसिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बिना लाइसेंस के गाड़ी न चलाएं और यदि उनके घर के लोग गाड़ी लेकर घर से बाहर निकले तो उन्हें यह जरूर बताएं कि वह हेलमेट लगाकर ही मोटरसाइकिल चलाएं। यातायात के नियमों का पालन करें और जब भी बच्चे रोड क्रॉस करें तो दोनों तरफ देखकर ही रोड क्रॉस करें। एडिशनल एसपी ने कई अच्छी जानकारियां बच्चों के बीच साझा की। कार्यक्रम में प्रदीप सिंह सेंगर, केशव प्रसाद मिश्रा, सीएम राइज के प्राचार्य भोलानाथ उपाध्याय, राजू सिंह सेंगर, यातायात प्रभारी अमित विश्वकर्मा, रेड क्रॉस के सचिव सूर्यमणि शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह, रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष राजेंद्र पयासी और विद्यालय के अध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

## ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया गया मकर संक्रांति का पावन पर्व

**मऊगंज ।**

जिले बहुती जलप्रपात के पास मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सूर्य उत्तरायण होने पर मनाए जाने वाले इस पर्व पर श्रद्धालुओं ने पवित्र नदी गंगा एवं सोन में स्नान करने पहुंचे।वही मकर संक्रांति का पावन पर्व मऊगंज जिले के बहुती में धूमधाम से मनाया गया। सूर्य उत्तरायण होने पर मनाए जाने वाले पावन पर्व पर प्रसिद्ध प्राकृतिक रमणीक स्थल बहुती प्रपात के पास ओड्डा नदी के तट पर हर वर्ष की भांति पारम्परिक रूप से मेला लगा। संक्रांति जैसे विशेष अवसर पर लगने वाले मेले में जहां जिले के कोने-कोने से व्यापारियों द्वारा विभिन्न प्रकार की गृहस्थी से जुड़ी एवं बच्चों के मनमोहक सामग्री बिक्री के लिए दुकानों में लगाया था। दूर-दराज से बड़े बुजुर्ग महिलाओं सहित बच्चे मेले में पहुंचे जो मनमाफिक खरीददारी की। वहीं युवाओं के लिए पूर्व वर्षों की भांति बहुती प्रपात आकर्षण का केन्द्र रहा। पर्यटक प्रपात के मनोरम दृश्य मे सेल्फी लेते नजर आए वहीं प्राकृतिक रूप से बने रास्ते से बहुतायत संख्या में पर्यटक प्रपात के नीचे उतर कर प्राकृतिक दृश्य का नजारा लेते देखे गए। इसी तरह कुछ लोग ओड्डा नदी के तट पर प्रपात के आसपास सहित गहरे प्रपात के नीचे जंगल के बीच संत की तपोस्थली में पहुंचकर लोगों ने आशीर्वाद लिया।

# हिंसक जंगली जानवरों की आमद से खौफजदा जिलेवासी

## हाथी के बाद अब तेंदुए की धमक से भयभीत लोग, कर्फ्यू जैसे बन रहे हालात


**व्यापक नुकसान के बावजूद वन विभाग का सुस्त रवैया**

**न चला रहे रेस्क्यू ऑपरेशन, न ही समय पर प्रभावितों को मिल रहा मुआवजा**

**कर्तव्यों के इतिश्री मे विभाग की रूचि, विभाग के प्रति लोगों मे बढ़ रहा आक्रोश**

मध्य प्रदेश के अंतिम छोर अनूपपुर जिले में पिछले कुछ दिनों से लगातार जंगली जानवरों का आतंक बढ़ रहा है, शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में हाथियों, भालुओं के बाद अब तेंदुए ने आतंक मचा रखा है। पिछले कई दिनों से जिला मुख्यालय से सटे ग्रामीण इलाकों मे तेंदुए को देखा गया है, जिससे शहर और ग्रामवासियों में दहशत का माहौल है और इन इलाकों में कर्फ्यू जैसे हालात पैदा हो गए हैं





अनूपपुर।

वही कई दिनों दो हाथी जिला मुख्यालय के आसपास के ग्रामीण इलाकों मे जनजीवन तबाह करते हुये ताण्डव मचा रहे हैं, परंतु वन विभाग सिर्फलोगों को सतर्कता बरतने की समझाइश देने के अलावा कुछ नही कर पा रहा है जबकि हिंसक जानवरों के जिला मुख्यालय के आसपास चहलकदमी से लोग भय के साये मे जीने को मजबूर हैं।

चारों ओर से जंगल और पहाड़ियों से घिरे अनूपपुर जिले मे वन्य प्राणियों का रहवास है वहीं यहां अक्सर बड़ी संख्या में हिंसक वन्यप्राणियों की आमद से लोग खौफजदा हैं। जिला मुख्यालय के रिहायशी इलाके मे तेंदुए की धमक से शहरवासियों में डर बना हुआ है वहीं वन विभाग भी तेंदुए की धरपकड़ में नाकाम साबित हो रहा है, हालांकि वन विभाग ने लोगों से तड़के सुबह और शाम होने के बाद अपने घर से ना निकले की अपील की है। इधर ग्रामीण और शहर वासियों का कहना है कि हाथी, भालू के बाद अब तेंदुए के देखे जाने से डर का माहौल बना हुआ है। लोगों ने कहा कि वन विभाग के कर्मचारी भी इन हिंसक जानवरों को पकड़ने में रुचि नहीं ले रहे हैं।

### बकरी के शिकार की तलाश में रिहायसी इलाके तक पहुंचा तेंदुआ

जिला मुख्यालय अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 6 सामतपुर निवासी परमलाल राठौर के बाडी में बने गौशाला जिसमें अनेकों बकरियां बंधी थी जहां शनिवार की देर रात हिंसक वन्यप्राणी तेंदुआ को घर की बच्चियो ने बाउंड्री वाल के ऊपर चलता हुआ देखा। तेंदुआ के दस्तक देने की जानकारी पर अनूपपुर वन मंडलाधिकारी एसके प्रजापति वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तब तक तेंदुआ उछल-कूद करता हुआ अदृश्य हो चुका था। इस संबंध में नगरपालिका परिषद अनूपपुर के नंबर 6 पार्षद गणेश रौतेल ने अनूपपुर जिला मुख्यालय के वन्यजीव संरक्षण शशिधर अग्रवाल एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर स्वर्ण गौरव सिंह को सूचना देते हुए बताया कि वार्ड नंबर 6 सामतपुर से हर्री-बर्री जाने वाले मार्ग के मध्य परमलाल राठौर पिता स्व. दउआ राठौर की पुत्री शनिवार की रात 8 बजे घर से लगे हुए बाड़ी की ओर गई थी। बाड़ी से सटे उनके गौशाला जिसमें अनेको बकरियां बंधी थी। जिसके समीप बाउंड्रीवाल के ऊपर एक तेंदुआ प्रजाति के जंगली जानवर को जाते हुए देखा तभी अन्य बच्चियों को बताते हुए देखते हुए हो-हल्ला करने पर आस-पड़ोस के अनेकों लोग इकट्ठा हो गए।

### तेंदुए की धमक से कर्फ्यू जैसे बन रहे हालात

ज्ञात हो कि हिंसक वन्यप्राणी तेंदुआ विगत कई दिनों से सामतपुर से लगे सोननदी के दूसरी ओर ग्राम पंचायत बरबसपुर के बरबसपुर, भोलगढ़, ग्राम पंचायत पोडी (मानपुर) खांडा के वनक्षेत्रों में कई दिनों से निरंतर विचरण करते हुये एक नाटा एवं कई बकरियां का शिकार कर चुका है जिसे कई चरवाहो ने मवेशियों को पकड़कर, घसीट कर जंगल की ओर ले जाते देखा है तथा मवेशियों को छुड़ाया भी है। जिसके बाद से लोगों में दहशत बनी हुई है। तेंदुए की दहशत के चलते लोग शाम ढलते ही घरों में कैद हो जा रहे हैं। तेंदुआ के गांव व शहर के बेहद नजदीक यानि रिहायसी इलाके तक पहुंच रहा है जो चिंता का विषय है।

### क्या समझाइश तक सीमित वन विभाग

जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक से जहां लोग घर से बाहर जाने समेत खेतों में जाने से भी घबराने लगे हैं, वहीं बच्चों का स्कूल जाना भी दूभर हो गया है, परंतु वन विभाग प्रभावित क्षेत्रों मे मुनादी, सतर्कता बरतने की अपील कर अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर लेता है। क्या वन विभाग का सिर्फइतना ही काम है कि वह केवल लोगों से अपील करेगा। क्या हिंसक वन प्राणियों का रेस्क्यू नही किया जाना चाहिये और क्या प्रभावितों को समय पर मुआवजा राशि समेत शासकीय योजनाओं का लाभ नही दिया जाना चाहिये, लेकिन वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपील करने के अलावा कुछ नही कर पा रहे हैं जिससे जिलाधिकारी व विभाग के प्रति लोगों का गुस्सा बढ़ते जा रहा है। वन विभाग जंगली जानवरों के आतंक से लोगों को कब तक राहत दिला पाता है, यह देखने वाली बात होगी।

### इधर हाथियों के आतंक से परेशान ग्रामीण



दो हाथियों का समूह जो विगत चार दिनों से जिले के जैतहरी एवं अनूपपुर तहसील अंतर्गत ग्रामीण अंचलों में विचरण करता ग्रामीणों को भय के साये मे जीने को मजबूर कर रहा है। हाथियों द्वारा ग्रामीणों के घर बाड़ी के साथ ही लगे फसलों को तबाह करते हुये क्षेत्र मे दहशत भर दिया है। शुक्रवार को जैतहरी नगर के बेलिया फाटक से राजा पेट्रोल पंप एवं गंगा पेट्रोल पंप के पीछे मानसिंह धुर्वे के घर के आंगन मे रात 12 अचानक घर का दोनों दरवाजा तोड़कर दो हाथी पहुंच गये जिससे डरे एवं सहमे मानसिंह, उनकी पत्नी एवं बच्चे घर के अंतिम कमरे में छिप कर अपनी जान बचाई वही भोला सिंह के खेत में लगे मसूर एवं अरहर की फसल को बर्बाद कर दिया। जिसके बाद 3 बजे अनूपपुर-जैतहरी मुख्य मार्ग एवं रेलवे लाईन, तिपान नदी पार कर नदी के ऊपर गोबरी पंचायत के बेलिया कचरा में रह रहे सुदामा कोल के कच्चे मकान को सात माह के मध्य पांचवीं बार तोड़ते हुए पूरी तरह नष्ट कर दिया। इसके अलावा अन्य ग्रामीणों को हाथियों के समूह ने व्यापक नुकसान पहुंचाया है, परंतु उन्हे नुकसान का वास्तविक मुआवजा अभी तक नही मिल पाया है। ग्रामीण अब हाथियों के निरंतर आतंक के कारण मानसिक रूप से परेशान हो चुके हैं।

### डीएफओ की सतर्कता बरतने की अपील

जिला मुख्यालय मे तेंदुआ की धमक की सूचना मिलने पर अनूपपुर वन मंडलाधिकारी एसके प्रजापति वन विभाग के मैदानी अमले के साथ मौके पर पहुंचकर तेंदुआ के विचरण स्थल का निरीक्षण करते हुए संभावना व्यक्त करते हुए कहा कि परमलाल राठौर जो अपने कई बकरियों को घर से कुछ दूर तिपान एवं सोननदी के बीच वन क्षेत्र में चराने के लिए ले जाते हैं। इस दौरान आसपास कहीं तेंदुआ ने बकरियों को देखा होगा जो अंधेरा होने पर बकरियों के शिकार के लिए परमलाल के बाडी स्थित गौशाला तक पहुंच गया। वह शिकार कर पाता इससे पहले परिवार के सदस्यों द्वारा देखे जाने पर वह वापस चला गया होगा। डीएफओ ने परिजनों एवं अन्य नागरिकों को रात में सतर्कता बरतने तथा निगरानी रखते हुए किसी भी तरह की सूचना मिलने पर वन विभाग को सूचित करने का आग्रह किया। इस बीच कोतवाली थानाप्रभारी अमर वर्मा, सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह, वार्ड नंबर 2 की पार्षद डॉ. संजय चौधरी सहित सैकड़ो की संख्या में मोहल्लावासी तथा अन्य नागरिक इकट्ठा हो गए।



## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय मोगली उत्सव प्रतियोगिता में मुबारक चंद्रवंशी ने प्राप्त किया तीसरा स्थान



**राजेन्द्रग्राम।** विकास खण्ड पुष्पराजगढ़ के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र शा उ मा वि करौंदी के कक्षा 7वी के छात्र मुबारक चंद्रवंशी पिता सतरूपा चंद्रवंशी ग्राम करौंदी ने राज्यस्तरीय मोगली उत्सव क्विज कम्पटीशन में हिस्सा लेकर तृतीय स्थान लाकर अपने विद्यालय जिले का नाम रोशन किया साथ ही उसी विद्यालय के कक्षा चौथी के छात्र विक्रमादित्य चंद्रवंशी पिता डीलन चंद्रवंशी ने राज्यस्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड में भाग लेकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। उक्त दोनों छात्रों की उपलब्धि के लिये विद्यालय परिवार की ओर से शेफाली पाण्डे, राजश्री मिश्रा, कीर्ति सोनी, महेंद्र मरावी, संदीप मिश्रा सहित शुभकामनाएं देते हुये चयनित विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की गई।

### एकलव्य विद्यालय ऑडोटोरियम में आज होगा मेगा इवेंट

**अनूपपुर।** प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) अंतर्गत सोमवार 15 जनवरी को मेगा इवेंट लाईव टेलीकास्ट व हितलाभ वितरण तथा शिविर का आयोजन शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर के ऑडोटोरियम हाल में आयोजित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सरिता नायक ने बताया है कि सोमवार 15 जनवरी को प्रातः 11 से जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रारंभ होगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल शामिल होंगे उन्होंने बताया है कि मेगा इवेंट में वर्चुअल सीधा प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन अपराह्न 12 बजे से होगा कार्यक्रम में सभी लोगों की सामूहिक सहभागिता की अपील सहायक आयुक्त द्वारा गई है

### अमरकंटक में तीन दिवसीय श्री रामचरित लीला समारोह आज से प्रारंभ

अनूपपुर।ृ श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा पूर्व श्रीरामकथा के विशिष्ट चरितों पर आधारित श्री रामचरित लीला समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से प्रदेश के 28 पवित्र आस्था स्थलों में श्रीहनुमान, भक्तिमति शबरी एवं निषादराज गुह्य लीला नाट्य प्रस्तुतियां होंगी। प्रदेश के विभिन्न स्थान में समारोह 11 से 21 जनवरी तक आयोजित किया जायेगा, जिसमें 15 से 17 तक अनूपपुर जिला स्थित पवित्र नगरी अमरकंटक के मां नर्मदा उद्गम मंदिर परिसर में शाम 6 बजे से प्रस्तुतियां दी जायेंगी। श्री राम कथा के विशेष चरित्र पर आधारित लीला नाटक प्रस्तुतियो को देखने के लिए जिले वासियों से अपील की गई है

### अमरकंटक में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आज

**अनूपपुर।** संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने बताया है कि नगर परिषद अमरकंटक में 15 जनवरी को प्रातः 9 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में आईईसी वैन द्वारा भारत सरकार की प्रचलित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ ही पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए शिविर लगाया जाएगा वही ग्रामीण क्षेत्र के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनपदवार निर्धारित रूट अनुसार 17 दिसम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक आयोजन के तारतम्य में 15 जनवरी को जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत गोधन, सकरा, खम्हरिया तथा चोरभठी एवं जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत भेजरी, हरार्टोला(बरसोत), इटौर तथा पिपरखुटा में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जाएगी एवं शिविर का आयोजन संबंधित ग्राम पंचायत परिसर में किया

# मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने नर्मदा में लगाई आस्था की डुबकी

## पूजा-अर्चना कर प्राप्त किया पुण्य लाभ



अनूपपुर।

सूर्यदेव उत्तरायण की पौराणिक मान्यताओं का मकर संक्रांति का पावन पर्व रविवार को श्रद्धा और हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। 14 जनवरी को जिले की पवित्र नगरी अमरकंटक के नर्मदा सहित जिला मुख्यालय के सोन-तिपान नदी संगम पर श्रद्धालुओं ने नदियों में आस्था की डुबकी लगाई। राजेन्द्रग्राम, कोतमा, जैतहरी, राजनगर, बिजुरी सहित अन्य क्षेत्रों से गुजरती नर्मदा, सोन, जुहिला, तिपान, केवई सहित अन्य नदियों के घाटों पर भी लोगों ने स्नानकर इष्टदेवों की विशेष पूजा अर्चना की। मकरसंक्रांति के अवसर पर जिले के अनेक स्थानों पर मेले का भी आयोजन किया गया। पुराणों के अनुसार मकर संक्रांति का पर्व बह्मा, विष्णु, महेश, गणेश सहित आदि शक्ति और सूर्य की उपासना एवं आराधना का पावन व्रत माना जाता है। संत महर्षियों के अनुसार इनके प्रभाव से प्राणी की आत्मा शुद्ध होती है। संकल्प शक्ति बढ़ती है, ज्ञान का विकास होता है। मकर संक्रांति इसी चेतना को विकसित करने वाला पर्व है। मकर संक्रांति पर्व के मौके पर रविवार की सुबह पावन नगरी अमरकंटक में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा उद्गम कुंड में डुबकी लगाकर माता नर्मदा का पूजन अर्चन किया। साथ ही तिल-चावल, गुड़ सहित अन्य सामग्रियों का दान दिया। प्रदेश की जीवनदायिनी नदी मां नर्मदा का उद्गम स्थल होने के कारण इस दिन यहां देश-प्रदेश से हजारों की तादाद में श्रद्धालु एवं पर्यटक पूजा अर्चना के साथ मेले में पहुंचे। इन दिनों अमरकंटक में अत्याधिक ठंड पड़ती है, जिसके कारण दूधधारा, कपिलधारा से निकलने वाली दूधिया भाप पर्यटकों के आकर्षित करती है।

# दो बाइक सवारों की आमने-सामने हुई टक्कर में एक की मौके पर मौत



अनूपपुर।

जिले के राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र अंतर्गत दो पहिया वाहनों की आमने-सामने की भिड़त से एक की मौके पर ही मृत्यु हो गई एक गंभीर रूप से घायल है, जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी अनुसार ग्राम रविवार को कोहका से बेलडोंगरी के बीच घटित दुर्घटना में दोनों बाइक सवार काफी तेज गति आ रहे थे और एक दूसरे से टकरा गए, जिसमें एक बाइक सवार की मृत्यु मौके पर हो गई जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। वहीं दूसरा युवक तारकेश्वर सिंह निवासी बीजापुरी गंभीर रूप से घायल है जिसके सर पर गंभीर चोट है, जिसे गंभीर हालत में राजेंद्रग्राम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

# थाना व खनिज विभाग की संयुक्त कार्यवाही में पकड़े गये दो वाहन



जैतहरी।

खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशन में जिम्मेदार अधिकारी आकस्मिक क्षेत्र भ्रमण कर वाहनों की नियमित चेकिंग कर अनियमितता पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही कर रहे हैं। इस दौरान मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी को थाना जैतहरी एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए ग्राम बेलिया फाटक कदमहीरा घाट तिपान नदी से खनिज रेत के दो वाहन ट्रैक्टर मय ट्राली नीले रंग का स्वराज चेसिस क्रमांक एमबीएन ऐके 48 ऐसीऐलटीबी 35646 तथा महिंद्रा लाल रंग का 006505439 सी 1 को खनिज रेत अवैध उत्खनन, परिवहन में जब्त किया जाकर कार्यवाही की गई है। अवैध उत्खनकर्ता तथा वाहन स्वामियों के विरुद्ध खनिज नियमो के तहत प्रकरण तैयार किया जाकर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# लाभार्थी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित




अनूपपुर।

भारत सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रदेश भर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 13 जनवरी को नगर पालिका क्षेत्र अनूपपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान खेल युवा कल्याण विभाग अनूपपुर द्वारा सामतपुर तालाब के पास स्थानीय बच्चों द्वारा खेलो इंडिया के तहत कराटे का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही खेलों इंडिया के तहत प्रतिभावान खिलाड़ियों एवं मां तुझे प्रणाम योजना के लाभार्थी छात्र, छात्राओं का सम्मान किया गया।